## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# मंहगाई के चलते नवरात्र में लोगों की जेब में पड़ रहा है डाका

**जिम्मेदार कौन**

## गैस ,पेट्रोल व डीजल के दामों में बढ़ोतरी के बाद फल सब्जी के दामों ने उछाल

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत जपनद में भी मंहगाई मी मार पड़नी शुरू हो चुकी है। जिले में सब्जी व्यापारी मंहगी सब्जियां बेच रहे है। आलम यह है कि इससे आम आदमी को परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोग ऐसे में खासे मायूस हो चुके है। बता दें कि बाजार में सब्जी खरीदने आने वाले लोगों का कहना है कि अब तो जिले में वर्तमान में आलू बीस से तीस रूपये किलो टमाटर चालीस रूपये से लेकर साठ रूपये के आसपास बिक रहा है।

वही साठ रूपये किलो से लेकर पचास रूपये किलो के बीच बिक रही है। इस कदर लगातार हो रही सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी पर अब तक कोई भी कुछ बोलने को तैयार नही है। जिले में आम आदमी के सामने सब्जी खरीदना किसी चुनौती से कम नही हो रहा है।



सीमांत जनपद में आम आदमी आलू व टमाटर खरीदने में असहज महसूस कर रहा है। एक ओर जहां आये दिन रसोईगैस डीजल व पेट्रोल के दाम बेतहाशा बढ़ाये जा रहे है। दूसरी ओर अब आम आदमी को सब्जी के बढ़ते दामों ने परेशान कर डाला है। जिले के लोगों का कहना है कि मंहगाई को काबू करने के लिए अब तक धरातल पर कोई खासा असर देखने को नही मिल रहा है। जिले में जहां एक ओर लोग अभी तक अन्य सब्जियों के दाम मंहगे होने के बावजूद आलू व टमाटर से काम चलाया करते थे अब लगता है कि धीरे धीरे ये सब्जियां आम आदमी के रसोई से बाहर हो जायेगी।

वही नवरात्रि आते ही जिले में सब्जी के साथ देवी के उपासकों को इस बार फलों में मंहगाई की मार झेलनी पड़ रही है। सीमांत जनपद में केला पचास से साठ रूपये, सेब एक सौ बीस से दो सौ रूपये व अनार के तो रेट लगातार छलांग मार रहे है। लोगों का कहना है कि आये दिन बढ़ रहे सब्जी व फलों के दामों ने इस बार नवरात्रि को भी फीका कर डाला है।

## न्यूज डायरी

### माहे रमजान से पहले कलियर में उमड़े जायरीन

**संवाददाता** कलियर। रमजान माह शुरू होने से पूर्व कलियर में जायरीन उमडने लगे हैं। भीड़ के आगे सभी इंतजाम नाकाफी साबित हुए। यहां तक की पानी के लिए भी जायरीन तरस गए। घंटों तक तेज धूप में तपते फर्श पर खड़े होकर जायरीन ने अमन चेन की दुआ मांगी। माना जा रहा है कि चांद के नजर आने के साथ ही शनिवार से रमजान माह की शुरुआत हो जाएगी। गुरुवार को रमजान माह से आखिरी जुमेरात भी थी। इस कारण दूरदराज से बड़ी संख्या में कलियर में जियारत करने के लिए जायरीन पहुंचना शुरू हो गए थे। सुबह दस बजे तक पूरा मेला क्षेत्र जायरीन से भर गया था। दरगाह प्रशासन की ओर से जायरीन के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। दरगाह क्षेत्र में पानी का भी कोई इंतजाम नहीं किया गया था।

### पीएम को परीक्षा पे चर्चा पर बच्चों ने सुना

**संवाददाता** बागेश्वर। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम जिले के विद्यालयों में आयोजित किया गया। इस दौरान किस तरह छात्र–छात्राओं को परीक्षा के लिए स्वयं तैयार रखेंगे, इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वर्चुअल माध्यम से छात्रों ने सुना। शुक्रवार को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम से प्रधानमंत्री ने पूरे देश के छात्रों से जुड़कर संवाद किया। जवाहर नवोदय विद्यालय सिमार, केंद्रीय विद्यालय कौसानी और कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल मंडलसेरा, विवेकानंद खोलिया इंटर कालेज गरुड़, जीआइसी, जीजीआइसी पाये, इंटर कालेज गागरीगोल, मैग्ड़ीस्टेट आदि विद्यालयों में प्रधानमंत्री के संवाद कार्यक्रम का छात्रों ने लाइव प्रसारण सुना। प्रधानमंत्री ने बोर्ड की परीक्षाओं से पहले छात्र–छात्राओं को उत्साहवर्धन किया। कहा कि परीक्षा पे चर्चा तो मेरा बड़ा प्रिय कार्यक्रम है।

### दो दिवसीय वर्चुअल मेगा समिट से छोटे स्थानीय स्टोर्स के डिजिटाईजेशन को मिलेगी मदद

**संवाददाता** ऋषिकेश । दो दिवसीय वर्चुअल मेगा समिट की घोषणा हुई है जो इस साल 18 और 19 मई को अमेजन इण्डिया द्वारा की गयी है। अमेजन 'एमेजॉन संभव' के तीसरे संस्करण की मेजबानी करेगा। यह दो दिवसीय वर्चुअल मेगा समिट नीति निर्माताओं, प्रतिष्ठित औद्योगिक लीडर्स, समाधान प्रदाताओं, स्टार्टअप्स एवं एमेजॉन नेतृत्व को भारत में लाखों छोटे स्थानीय स्टोर्स व व्यवसायों की आर्थिक प्रगति और डिजिटाईजेशन संभव बनाने के लिए टेक्नॉलॉजी का इस्तेमाल करने के सर्वश्रेष्ठ तरीकों पर वार्ता करने के लिए एक मंच पर लाएगी। एमेजॉन संभव 2022 के लिए पंजीकरण एमेजॉन.इनध्संभव पर जारी हैं। हर साल एमेजॉन संभव का एक मुख्य आकर्षण वार्षिक 'एमेजॉन संभव अवार्ड्स' हैं, जो व्यवसायों, इनोवेटर्स एवं लोगों को सम्मानित करते हैं।

# पुरानी योजना से नल जोड़ने पर फूटा गुस्सा

**संवाददाता**

द्वाराहाट। विकासखंड के बिंता में हर घर को नल से जल योजना का कार्य पूर्व में पारित प्रस्ताव के अनुरुप नहीं होने पर ग्रामीणों में रोष है। कहा कि गाव के लिए निर्मित एकमात्र योजना से इसे जोड़कर विभाग क्षेत्र में पानी की आपूर्ति को बाधित करने का कार्य कर रहा। जिसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा। प्रस्तावित स्त्रोत से नई योजना का निर्माण नहीं किए जाने पर ग्रामीण आदोलन करने को बाध्य होंगे।

बिंता क्षेत्र में शुक्रवार को ग्रामीणों तथा पेयजल प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें हर घर नल हर घर जल योजना का निर्माण क्षेत्र की पुरानी पेयजल योजना से जोड़कर किए जाने पर नाराजगी जताई। कहा कि सर्वे कार्य के दौरान तय हुआ था कि उक्त योजना का निर्माण भुमका जलस्त्रोत से किया जाएगा। मगर विभाग गाव की पुरानी योजना से जोड़कर ही नई योजना बना रहा। इससे ग्रामीणों को पानी की सुविधा देने के बजाय विभाग ग्रामीणों को पानी की बूंद–बूंद के लिए तरसाने पर आमादा है।

लोगों ने विभाग के इस निर्णय को उनके साथ धोखाधड़ी करार दिया। कहा कि नई योजना को भुमका जलस्त्रोत से नहीं बनाए जाने पर ग्रामीण इसका पुरजोर विरोध करेंगे। इस पर भी बात नहीं बनने पर वह आदोलन के लिए बाध्य होंगे। इसके बाद ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप समस्या का तत्काल समाधान करने की मांग की।



### कोरोना काल मे नियुक्त स्वयं सेवियों की पुनः नियुक्ति की है मांग

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला विकासखण्ड के बीएल जुवांठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोरोना काल मे पीआरडी के माध्यम से नियुक्त स्वयं सेवकों ने पुनः नियुक्ति की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन प्रेषित किया।ज्ञापन में स्वयं सेवकों ने कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी में पीआरडी के माध्यम से बरफियाल लाल जुवांठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कम्प्यूटर ऑपरेटर,वार्ड बॉय,फार्मासिस्ट,नर्सिंग सहायक,एक्सरे टेक्नीशियन के रूप में 14 स्वयं सेवकों की नियुक्ति की गई थी और अब सबको हटा दिया गया जो कि बेरोजगारों के साथ अन्याय है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि हम बेरोजगारों के सामने अपने परिवार का भरण पोषण की समस्या खड़ी हो गयी है।

# प्रधानमंत्री ने परीक्षा पर चर्चा में देश के छात्र–छात्राओं को दिए टिप्स

**नवोदय विधालय धुनगिरी पुरोला के पांच सौ से अधिक छात्र–छात्राओं ने किया प्रतिभाग**

**संवाददाता** पुरोला। देशभर के छात्र–छात्राओं को परीक्षाओं में सरल व सुगम सत प्रतिशत सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में छात्रों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

परीक्षा पर चर्चा में जवाहर नवोदय विद्यालय धुनगिरी पुरोला के पांच सौ से अधिक छात्र–छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा में सफलता के सरल,सुगम,तौर तरीके अपनाने पर दी गई महत्वपूर्ण जानकारियों को गंभीरता से सुना साथ ही देश के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों व नवोदय विद्यालयों सहित सरकारी गैर सरकारी स्कूलों के छात्र–छात्राओं के परीक्षाओं को मन में डर एवं कठिनाईयों के समाधान को लेकर प्रधानमंत्री से सीधा संवाद कर चर्चा की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्र–छात्राओं को स्कूली परीक्षा के साथ– साथ जीवन में आने वाली हर परीक्षाओं को बोझ न समझ कर अपनें को समय के साथ बदल रही आधुनिक नवीन तकनिकी व संसाधनों के अनुरूप 2022 की बगैर मानसिक एंव किसी भी प्रकार के तनाव के नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नितियों के अनुसार हर प्रकार की परीक्षा की तैयारी करने की अपील की।

परीक्षा पर चर्चा मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिए टिप्स पर नवोदय विद्यालय पुरोला12 वीं की छात्रा श्रुति कैड़ा व छात्र आलोक नेगी ने बताया कि चर्चा में प्रधानमंत्री के नई राष्ट्रीय शिक्षा निती व तकनीकी,संसाधनों से छात्र में छुप्पी प्रतिभा को निखारने व उभारनें में अध्यापक,अभिभावकों को संयुक्त प्रयास करनें पर जोर दिया साथ ही छात्र छात्राओं को पढाई के साथ ही व्यक्तित्व निर्माण के लिए प्रेरित किया।

परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में महावीर रवांल्टा,प्राचार्य पीएस रावत,उपाचार्य हेमलता विष्ठ एवं डा. गौर फातिमा, आनंदी लाल, बृजमोहन चौहान, किसन लाल,मनोज आर्य,विरेन्द्र सिंह,दिनकर राणा, आर के उनियाल,बलदेव भंडारी,गजेन्द्र चौहान व सचिन नौटियाल सहित छात्र–छात्राएं व अध्यापक मौजूद थे।

### वनों की आग रोकने को ड्रोन भर रहा उड़ान

**संवाददाता** बागेश्वर। वनों को आग से बचाने के लिए वन विभाग ने एक ड्रोन तैनात किया है। वह वीडियो के साथ ही फोटो भी उपलब्ध करा रहा है। जिससे फायर वाचर और वन विभाग की टीम आग बुझाने पहुंच रही है।

जंगलों में आग लगने का सिलसिला तेज हो गया है। जगह–जगह वन सुलग रहे हैं। अबतक 22 हेक्टेयर से अधिक जंगल खाक हो गए हैं। जिससे आसमान धुएं से भर गया है। लोगों को आंखों में जलन आदि की परेशानी भी हो रही है। वहीं वन विभाग भी आग लगाने वालों पर कड़ी नजर रख रहा है। दिन में दो से अधिक बार संदिग्ध क्षेत्रों में ड्रोन उड़ान भर रहा है। वह आग की फोटो और वीडियो बना रहा है। इसके अलावा जंगलों में गतिविधि करने वालों पर भी पैनी नजर रख रहा है। सेटेलाइट के माध्यम से भी जंगलों में आग लगने की सूचना सीधे कंट्रोल रूम पहुंच रही है। वन विभाग तत्काल आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहा है। प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी ने कहा कि आग लगाने वालों पर नजर रखी जा रही है।